Veer Arjun

# एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस ने लांच की किस्से कुछ खास

नई दिल्ली, (वीअ)। इंडिया की अग्रणी फूड कंपनियों में से एक, एडल एग्री बिज़नेस लिमिटेड (पूर्व में अदानी विलमर लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) ने अपनी कॉफी टेबल बुक 'क़िस्से कुछ ख़ास' का सफलतापूर्वक लोकार्पण किया। इस पुस्तक की रचना पद्मश्री सम्मानित और विख्यात खाद्य इतिहासकार प्रो. पुष्पेश पंत द्वारा की गई है। यह आयोजन फ़िक्की और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से किया गया।

इस पुस्तक का अनावरण केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एवं एडल एग्री बिज़नेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंगशु मलिक द्वारा, सेलिब्रिटी शेफ़ कुणाल कपूर की गरिमामयी उपस्थिति में, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान, भारत मंडपम में किया गया। अंगशु मल्लिक, प्रबंध निदेशक और सीईओ, एडब्ल्यूएल एग्री बिज़नेस लिमिटेड ने कहा कि कोहिनूर हमेशा प्रामाणिकता, परंपरा और स्वाद के लिए खड़ा रहा है। 'किस्से कुछखास' के माध्यम से, हम बासमती चावल की कालातीत यात्रा का जश्न मनाना चाहते थे-एक ऐसा अनाज जो सिर्फ भोजन से कहीं अधिक है। यह विरासत, पुरानी यादें और एक साझा सांस्कृतिक बंधन है।

हमें वर्ल्ड फूड इंडिया में इस पुस्तक को लॉन्च करने पर गर्व है, यह एक ऐसा मंच है जो दुनिया के सामने भारत की समृद्ध खाद्य विरासत को प्रदर्शित करता है। प्रोफेसर पुष्पेश पंत, 'किस्से कुछखास' के लेखक, ने कहा कि बासमती चावल शायद भारत की पाक पहचान का सबसे मुखर उदाहरण है। इसने विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावों को आत्मसात किया है और फिर भी अपनी विशिष्ट सुगंध और सुंदरता को बनाए रखा है। यह पुस्तक बासमती की आकर्षक यात्रा-शाही दरबारों से लेकर सामान्य घरों तक-का वर्णन करने और इसकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने का मेरा विनम्र प्रयास है।